पीपुल्स प्रवक्ता
WWW.PEOPLESPRAVAKTA.COM
भोपाल
सोमवार, 30 जून-2025



## खबर संक्षेप

### अवैध उत्खनन के अर्थदण्ड की वसूली के लिए सम्पत्ति कुर्क

**खण्डवा।** एसडीएम खंडवा श्री बजरंग बहादुर ने बताया कि खंडवा तहसील के संतोष नगर निवासी अभय कुमार पुत्र कांतिलाल जैन की सम्पत्ति कुर्क करने की कार्यवाही तहसीलदार खंडवा द्वारा की गई है। उन्होंने बताया कि अभय जैन द्वारा अवैध उत्खनन की अर्थदण्ड की राशि रूपये 9 करोड़ 84 हजार 400 रूपये जमा न करने पर यह कार्यवाही की गई है। श्री जैन को कहा गया है कि बकाया राशि तत्काल जमा कराएं।

### जल संसाधन मंत्री श्री सिलावट खंडवा आएंगे

**खंडवा ।** प्रदेश के जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट रविवार रात्रि में रेल मार्ग द्वारा खंडवा आएंगे तथा खंडवा में रात्रि विश्राम कर अगले दिन 30 जून सोमवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में आयोजित ÷जल गंगा संवर्धन अभियान÷ के राज्य स्तरीय समापन कार्यक्रम में शामिल होंगे ।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जल संसाधन मंत्री श्री सिलावट रविवार रात्रि में रेल मार्ग से खंडवा पहुंचकर रात्रि विश्राम करेंगे तथा अगले दिन मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में आयोजित जल गंगा संवर्धन अभियान के राज्य स्तरीय समापन कार्यक्रम तथा दादा जी धूनीवाले के मंदिर आश्रम में आयोजित शिलान्यास एवं भूमि पूजन कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस कार्यक्रम के बाद मंत्री श्री सिलावट खंडवा से रेल मार्ग द्वारा शाम 5 बजे भोपाल के लिए रवाना होंगे।

### प्रभारी मंत्री श्री लोधी आज खंडवा आएंगे



**खंडवा ।** प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति विभाग के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं खंडवा जिले के प्रभारी मंत्री श्री धर्मेंद्र सिंह लोधी रेल मार्ग द्वारा 30 जून को सुबह खंडवा पहुंचेंगे तथा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में आयोजित ÷जल गंगा संवर्धन अभियान÷ के राज्य स्तरीय समापन कार्यक्रम में शामिल होंगे ।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रभारी मंत्री श्री लोधी 29 जून की रात्रि 12 बजे साकेत एक्सप्रेस से जबलपुर से रवाना होकर 30 जून को सुबह 6 बजे खंडवा पहुंचेंगे। प्रभारी मंत्री श्री लोधी खंडवा में दोपहर 12 बजे से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में आयोजित जल गंगा संवर्धन अभियान के राज्य स्तरीय समापन कार्यक्रम तथा दादा जी धूनीवाले मंदिर आश्रम परिसर में आयोजित शिलान्यास एवं भूमि पूजन कार्यक्रम में शामिल होंगे।।

# दादाजी धाम पर बनने वाले मंदिर निर्माण के भूमि पूजन को लेकर प्रबुद्ध जनों की बैठक संपन्न

## मंदिर निर्माण की घोषणा के साथ ही जिले के विकास के द्वार खुलने लगे, सांसद पाटिल

**पीपुल्स प्रवक्ता, खंडवा ।**



दादाजी भक्तों की दादाजी धाम पर मंदिर निर्माण की बरसों पूर्व की कामना दादाजी महाराज के आशीर्वाद से 30 जून को पूर्ण होने जा रही है। सभी के आपसी तालमेल से मंदिर निर्माण संभव हुआ है। समाजसेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि अयोध्या में राम मंदिर की तर्ज पर खंडवा के दादाजी धाम में लगभग 80 करोड रुपए की लागत से संगमरमर का मंदिर पांचवा धाम बनने जा रहा है।यह सभी दादाजी भक्तों के लिए शुभ घड़ी है। 30 जून को साधु संतों की उपस्थिति में प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव पंडितों के मंत्रोचार के साथ मंदिर निर्माण का भूमि पूजन करेंगे।

मुख्यमंत्री के आगमन एवं भूमि पूजन कार्यक्रम को लेकर शहर के प्रभुध्दजनों की बैठक गणेश गौशाला में शनिवार शाम को संपन्न हुई। अतिथियों ने उपस्थित जनों से भूमि पूजन कार्यक्रम के प्रचार प्रसार के साथ उपस्थित होने का अनुरोध किया। इस अवसर पर बैठक को संबोधित करते हुए सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने कहा की जिले के विकास के द्वारा अब खुलने जा रहे हैं।मंदिर निर्माण की घोषणा के साथ ही हर्ष का विषय है कि जल संरक्षण संवर्धन अभियान में जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासन के महत्वपूर्ण सहयोग से हमारा खंडवा जिला पूरे देश में प्रथम स्थान पर आया है यह दादाजी का चमत्कार है, 30 जून को वह शुभ घड़ी आ रही है जब दादाजी धाम पर साधु संतों की उपस्थिति में प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव केंद्रीय एवं प्रदेश के मंत्रीयो की उपस्थिति में भूमि पूजन होने जा रहा है।इस भूमि पूजन में ज्यादा से ज्यादा दादाजी भक्त उपस्थित हो यही अनुरोध हें। इस अवसर पर महापौर अमृता अमर यादव ने कहा कि राम मंदिर की तरह ही काफी संघर्ष के बाद दादाजी धाम पर भव्य मंदिर बनाने का निर्णय हुआ है जो स्वागत योग्य है, जिस प्रकार हमने भगवान राम के मंदिर को लेकर आयोजन किए थे उसी के अनुरूप दादाजी धाम पर बनने वाले मंदिर निर्माण के भूमि पूजन के अवसर पर भी हम सभी अपने-अपने घरों पर दीप जलाएं एवं इस अनुष्ठान में उपस्थित होकर इसके साक्षी बने। बैठक को संबोधित करते हुए खंडवा विधायक कंचन मुकेश तनवे ने कहा कि हम सब पर दादाजी का आशीर्वाद है। दादाजी के आशीर्वाद से ही हमने यह मुकाम हासिल किया है, मंदिर में जाकर मैं क्षेत्र की सुख समृद्धि शांति की कामना करती हूं साथ ही यह भी दादाजी से अनुरोध करती थी कि आपका भव्य मंदिर बने यह मनोकामना अब पूर्ण हुई है। हम सबके लिए सौभाग्य का विषय है कि मंदिर निर्माण का भूमि पूजन 30 जून को होने जा रहा है हम सभी इस महान धार्मिक अनुष्ठान में उपस्थित हो। समाजसेवी प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि बैठक को सांसद विधायक महापौर के साथ ही राजपाल सिंह तोमर, सेवादास पटेल, मुकेश तनवे, ममता बोरसे, गुरमीत सिंह उबेजा, धर्मेंद्र बजाज, हरीश कोटवाले, राजेश तिवारी, सुनील सकरगाये, मंगल यादव, ने भी संबोधित कर इस धार्मिक अनुष्ठान में उपस्थित होने का सभी से अनुरोध किया। बैठक में मंदिर निर्माण समिति के धर्मेंद्र बजाज, गणेश कनाडे, सतीश कोट वाले, तपन डोंगरे, अमर यादव,शुभम जैन, श्याम पाटीदार, अनिल बाहेती,रामचंद्र मौर्य, भूपेंद्र सिंह चौहान, सुनील जैन, दिनेश पालीवाल, आशीष चटकेले,राजेश यादव, प्रदीप यादव, नानूराम मांडले, चंद्रेश पचौरी,प्राणेश बजाज, रक्षा प्रजापति, निशा अग्रवाल हर्षा ठाकुर भरत पटेल भावेश बिल्लौरै यशदीप चोरै, अनिल आरतानी,पार्षद सुनील जायसवाल,ओम सिलावट,लोकेंद्र गोड, इंदल सिंह पवार, सोनू इंगे, संदेश गुप्ता, श्रंगी अशोक पटेल बलदेव मौर्य सहित बड़ी संख्या में गण मान्य नागरिक उपस्थित थे। बैठक का संचालन सागर आरतानी ने किया तपन डोंगरे ने आभार व्यक्त किया।

### मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज खंडवा आएंगे



**खंडव।** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 30 जून को खंडवा आएंगे तथा नई कृषि उपज मंडी परिसर में आयोजित जल गंगा संवर्धन अभियान के राज्य स्तरीय समापन कार्यक्रम तथा दादा धूनी वाले मंदिर आश्रम परिसर में आयोजित शिलान्यास व भूमि पूजन कार्यक्रम में शामिल होंगे।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री डॉ. यादव 30 जून को सुबह 11:30 बजे इंदौर हवाई अड्डे से हेलीकॉप्टर द्वारा रवाना होकर, दोपहर 12 बजे खंडवा की कृषि उपज मंडी स्थित हेलीपैड पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव खंडवा के कृषि उपज मंडी परिसर में आयोजित जल गंगा संवर्धन अभियान के राज्य स्तरीय समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री डॉ. यादव दादा धूनी वाले मंदिर आश्रम परिसर में आयोजित शिलान्यास व भूमि पूजन कार्यक्रम में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव अपरान्ह 4 बजे मंडी स्थित हेलीपैड से इंदौर के लिए प्रस्थान करेंगे।

# थाना खेतिया पुलिस ने अंधे कत्ल का किया सफल खुलासा, आरोपी गिरफ्तार

**पीपुल्स प्रवक्ता, बड़वानी।**



थाना खेतिया क्षेत्र में दिनांक 10.06.2025 को हुई अज्ञात युवक की हत्या के मामले में खेतिया पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए अंधे कत्ल का खुलासा कर आरोपी को गिरफ्तार किया है।

फरियादी ज्ञानसिंह पिता सुरता चौहान (उम्र 60 वर्ष, निवासी खेतिया) द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि उसके पुत्र गंगाराम पिता ज्ञानसिंह चौहान (उम्र 30 वर्ष) की किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा दिलीप जैन के खेत, संतापवाड़ी, खेतिया में मारपीट कर हत्या कर दी गई है। इस रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 109/2025, धारा 103(1) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक बड़वानी श्री जगदीश डावर के निर्देशानुसार एसडीओपी राजपुर श्री आयुष कुमार अलावा, एफएसएल अधिकारी डॉ. सुनील मकवाना व थाना खेतिया पुलिस टीम द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण किया गया। मौके से खून से सनी मिट्टी, चप्पल आदि साक्ष्य जप्त किए गए।पुलिस अधीक्षक द्वारा विशेष टीम गठित कर अज्ञात आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी के निर्देश दिए गए। निरीक्षक सुरेंद्र कनेश, थाना प्रभारी खेतिया के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा गहन विवेचना की गई। आसपास के सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी साक्ष्य व स्थानीय जानकारी के आधार पर संदेही भगवान पिता सिलदार (उम्र 56 वर्ष, निवासी संतापवाड़ी, खेतिया) से पूछताछ की गई। पूछताछ में आरोपी ने कबूल किया कि शराब के नशे में गंगाराम के साथ कहासुनी के बाद उसे गहरे गड्ढे में धक्का दे दिया, जिससे सिर में चोट लगने से उसकी मृत्यु हो गई।

आरोपी भगवान को शनिवार को गिरफ्तार कर लिया गया है। *प्रकरण के खुलासे में थाना प्रभारी खेतिया निरीक्षक सुरेंद्र कनेश, सउनि विक्रमसिंह किराडे, प्रआर 401 राजेन्द्र बर्डे, आर 694 धर्मेंद्र, आर 131 विजय, आर 271 सुनील, आर 290 मानसिंह, चा.आर 468 लीलाशंकर पाटीदार (थाना खेतिया), उनि. रितेश खत्री (सायबर सेल प्रभारी, बड़वानी) तथा प्र.आर 180 योगेश पाटील (सायबर सेल, बड़वानी) का योगदान सराहनीय रहा।

### जल जीवन मिशन के अन्तर्गत सेगवाल 2 परियोजना का निरीक्षण किया गया



**पीपुल्स प्रवक्ता, बड़वानी।**

जिला बड़वानी में जल जीवन मिशन अंतर्गत क्रियान्वित सेगवाल 2 ग्रामीण समूह जल प्रदाय योजना के निरीक्षण हेतु केंद्रीय नोडल अधिकारी श्री पार्थ सारथी गुराला (संयुक्त सचिव गृह मंत्रालय, भारत सरकार) और तकनीकी अधिकारी श्री देवेंद्र सिंह जी बाजवा, द्वारा पाचपुला दक्षिण स्थित इंटेक वेल, जल शोधन संयंत्र, RWPM, CWPM,CWGM तथा उच्च स्तरीय जल टंकी का स्थल निरीक्षण किया। एवं क्यूब टेस्ट रिपोर्ट का अवलोकन किया गया । साथ ही पाइपलाइन की गहराई की भी जांच की गई, जो निर्धारित मापदंडों के अनुसार पाई गई एवं हाइड्रो टेस्टिंग कराई गई > साथ ही ग्राम दोदवाडा में ग्राम जल एवं स्वच्छता तदर्थ समिति के सदस्यों एवं ग्रामीणों से योजना के बारे में विस्तृत चर्चाकी गई निरीक्षण के दौरान जल निगम महाप्रबंधक श्री जितेंद्र सिंह राणावत, कार्यालय यंत्री PHED श्री ऋस्.बामनिया,प्रबंधक तकनीकी, प्रबंधक जन सहभागिता, उप प्रबंधक, निर्माण कार्य से जुड़ी फर्म के कर्मचारी, TPIA, एवं SQC, ISA के स्टाफ उपस्थित रहे।

# बारिश और कीचड़ में भी अपनों के बीच पहुंचे मंत्री श्री शाह, पीड़ित जनजातीय परिवारों को दी संबल की ताकत

## मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि के रूप में मंत्री विजय शाह पहुंचे जनजातिय परिवारों के बीच



**पीपुल्स प्रवक्ता, खंडवा।**

देवास जिले के खिवनी गांव में जब भारी बारिश और कीचड़ के चलते जनजातीय समाज के कई परिवार बेघर हो गए, तब जनजातीय कार्य विभाग के खंडवा जिले से कैबिनेट मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह एक बार फिर एक सच्चे जनसेवक और जनजाति समाज के मसीहा के रूप में सामने आए।

समाज सेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि मंत्री श्री शाह ने अपना सम्पूर्ण जीवन राष्ट्र, धर्म और समाज की सेवा में समर्पित किया है। उन्होंने हमेशा समाज के अंतिम व्यक्ति तक शासन की जनकल्याणकारी योजनाएं पहुंचाकर उन्हें मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य किया है। इसी वजह से उन्हें जनजाति समाज का मसीहा कहा जाता है और वे जनजातीय समुदाय के दिलों में राज करते हैं। इसलिए जब बारिश के कारण जनजातीय समाज के अनेक परिवार बेघर हो गए, तो शाहजी गिरती बारिश और कीचड़ की परवाह किए बिना अपनों के बीच पहुंचे। उन्होंने पीड़ितों के बीच बैठकर उनके हालचाल पूछे, दुख-दर्द बांटा और भरोसा दिलाया।मंत्री विजय शाह ने शाह ने कहा÷मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री माननीय मोहन यादव जी द्वारा मुझे आप सभी का हाल जानने और मदद के लिए यहां भेजा गया है। सरकार हर संभव आपके साथ खड़ी है। शासन की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आपको मिलेगा। वर्तमान में आर्थिक सहायता के रूप में चेक प्रदान किए जा रहे हैं, ताकि आप पुनः अपने आशियाने बसा सकें। समाज सेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि इस मौके पर उनका एक बुजुर्ग महिला से संवाद भावनात्मक रहा, जिसमें सच्चे अपनत्व और विश्वास की झलक दिखी। शाहजी की यह संवेदनशील पहल लोगों के लिए राहत ही नहीं, एक नई उम्मीद भी लेकर आई।

## हरसूद की 21वीं बरसी विशेष

# विस्थापित महिलाओं का देश के प्रधानमंत्री को मार्मिक पत्र



**पीपुल्स प्रवक्ता, खंडवा।**

इंदिरा सागर बांध परियोजना मैं डूब गए हरसूद की 21वीं बरसी के अवसर पर हरसूद की विस्थापित महिलाओं ने नए हरसूद की विभिन्न मांगों को लेकर प्रधानमंत्री को मार्मिक पत्र लिखकर अवगत कराया। हरसूद से विस्थापित महिलाओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लिखे पत्र में उल्लेख किया कि डूब कर बहुत कुछ खो चुकी लाड़ली बहनों की मार्मिक अपील----प्रधानमंत्री जी आपके सुशासन में जहां देश के विकास को पंख लग रहे हैं । भारत दुनिया में नाम कर रहा है वही भारत के हृदय स्थल में स्थित मध्य प्रदेश के खंडवा जिले के हरसूद शहर सहित 254 गांव जो इंदिरा सागर बांध में जलमग्न हो कर बर्बाद हो गए । यहां के लोगों ने राष्ट्र हित की महती परियोजना में अपना सब कुछ न्योछावर कर दिया । हमें बलिदानी की संज्ञा तो मिली परंतु हमारी सुध लेने वाला कोई नहीं है।आज हम हरसूद की विस्थापित महिलाए हरसूद डूब की इक्कीसबी बरसी के अवसर पर करबद्ध प्रार्थना करते हे कि आप हमारे पुनर्वास स्थल नया हरसूद में निम्न समस्याओं को अतिशीघ्र दूर करे।इन समस्याओं की मांग हम दो दशकों से लगातार विधायक, सांसद और मंत्री से दर्जनों बार कर चुके हैं आशा आप इन मांगों को गंभीरता से लेकर इसे हल करेंगे। हमारी मांगे निम्नवत हे।

1. नए हरसूद में व्यावसायिक भूखंडों का मलिकाना हक दिया जाय।इसके लिए ह्वाष्ष्ट कंपनी ने डूब पीड़ितों से पूरी कीमत वसूली है। व्यवसायिक भूखंडों का मलिकाना हक मिलता हे तो डूब पीड़ित अपना व्यवसाय शुरू कर सकेंगे।2. नए हरसूद में शिक्षित बेरोजगारों और महिलाओं के रोजगार के लिए छोटे बड़े उद्योगों की स्थापना की जाय3. नए हरसूद में डूब पीड़ितों को आबंटित आवासीय भूखंड उबड़ खाबड़ हे उन्हें समतल करके दिए जाए ताकि जिन लोगों ने आशियाना नहीं बना पाए वे अपना आशियाना बना सके। 4. इंदिरा सागर बांध प्रभावितो को सरदार सरोवर और ओंकारेश्वर बांध परियोजना की तरह स्पेशल पैकेज देने की कृपा करें। हरसूद से विस्थापित महिलाएं मनोरमा अग्रवाल, जया माखीजा ,सीमा अग्रवाल , माया सिंहल , सुरभि बंसल, जया शर्मा , प्रिया जैन जय श्री तिवारी आदि ने विस्थापित संघ सदस्यों चंद्र कुमार सांड ओर अनुराग बंसल के साथ रविवार को प्रधानमंत्री को मार्मिक पत्र लिखा।

### कविता

चलो मनाएँ बरसी 30 जून हम भी हरसूद आपातकाल की छूटती सासे डूबते सपने चीख सन्नाटा भविष्य अधर में टूटते घरौंदों के विकराल की चलो मनाएँ बरसी 30 जून हम भी हरसूद आपातकाल कीमाना सृजन के लिए विसर्जन ज़रूरी था माना सूरज की प्रदीपती के लिए बंधन ज़रूरी था लेकिन कुछ दियों का बुझना ज़रूरी था क्या? माना माँ की ममता को भी पूरा करना था संत सिंगाजी की प्रतिज्ञा और अपने दिए वचन भी लेकिन क्या उस सर्पिनी की भाँति जो भूख (विकास) लगने पर अपने बच्चों को ही खा जाती है? चलो मनाएँ बरसी 30 जून हम भी हरसूद आपातकाल की माना अकाल पीड़ित वसुधा को सिंचित करना था माना स्न्रष्ट्ढ के गोदामों का पेट भरना था लेकिन क्या उनका उजड़ना ज़रूरी था ? जो तुझे पूजते और गाते थे त्वदीय पाद पंकजम नमामि देवी नर्मदे त्वदीय पाद पंकजम मात् देवी नर्मदे

### बाईपास के निर्माणाधीन अर्जुन बरोदा ओवर ब्रिज पर हुआ यातायात सामान्य

**पीपुल्स प्रवक्ता, इन्दौर।**

इंदौर के बाईपास पर अर्जुन बरोदा ओवर ब्रिज पर यातायात सामान्य हो गया है। वाहनों की अब सामान्य रूप से आवाजाही हो रही हैं।अर्जुन बरोदा पुल के निर्माण कार्य के चलते इंदौर बायपास पर यातायात प्रभावित न हो, इसे सुनिश्चित करने हेतु आज कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ मौके पर पहुँचकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। वे लंबे समय तक यहीं मौजूद रहे और उन्होंने स्वयं यातायात की निगरानी की और आवश्यक निर्देश भी मौके पर दिये। प्रशासन ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, पुलिस, यातायात पुलिस, होमगार्ड एवं अन्य विभागों के अधिकारियों के साथ समन्वय बनाकर व्यवस्थाओं को दुरुस्त बनाया। उन्होंने कहा कि आमजन को परेशानी न हो, इसके लिए वैकल्पिक मार्गों की प्रभावी व्यवस्था भी सुनिश्चित रखी जाए। रात के समय ह्वाद्ध को प्रभावित क्षेत्र में सड़क मरम्मत का कार्य प्रभावी ढंग से करने के निर्देश भी प्रदान किए गए।


